>

Title : Free circulation of counterfeit currency in the country.

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): अध्यक्ष महोदया, मैं समझता हूं कि सरकार इस मामले से अवगत है लेकिन फिर भी मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं। आज देश के अंदर, चाहे, उत्तर प्रदेश हो, दिल्ली हो, राजस्थान हो, बिहार हो या महाराष्ट्र हो, या देश का कोई कोना हो, सब जगह नकली नोटों का कारोबार होने की खबर समाचार-पत्रों में रोजाना आ रही है, हमें पढ़ने को मिलती है। पहले तो यह मसला आता था कि देश की सीमाओं के बाहर से नकली नोट देश में आते हैं, विशेषकर नेपाल के रास्ते से यहां आते है। लेकिन आज मसला उससे ज्यादा गम्भीर हो गया है। आज राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से तमाम गड्डियां और ए.टी.एम. के द्वारा आज तमाम नकली नोट उपभोक्ताओं तक पहुंच रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले राज्य सभा में यह मसला उठा था जिसे एक माननीय सदस्य ने उठाकर नकली नोट दिखाया भी था। वह नोट ए.टी.एम. से निकला था। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जनहित एवं देशहित में इस नकली नोट के कारोबार को रोकने का काम किया जाये। ऐसी कई घटनायें देश के विभिन्न प्रान्तों में हो रही है जिनका ब्यौरा देकर मैं सदन का समय खराब नहीं करना चाहता हूं। लेकिन सदन का ध्यान एक गम्भीर घटना की ओर दिलाना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया, अभी कुछ समय पूर्व उत्तर प्रदेश के फीरोज़ाबाद जिले में दो घटनायें घटित हुई है जिसे मैं सदन को अवगत कराना चाहता हूं। पहली फरवरी माह में और दूसरी अभी पिछले माह की 9 तारीख को जब मैं सदन के सत्र अवकाश के दौरान अपने क्षेत्र में पहुंचा तो वहां के समाचार-पत्रों के माध्यम से मालूम हुआ कि जनपद फीरोज़ाबाद में खुलेआम नकली नोटों का कारोबार चल रहा है। वहां के स्थानीय समाचार-पत्र, "जनमानस " में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जो कार्यवाहियां वहां चल रही हैं, वे तो हैं ही लेकिन जब किसी प्रान्त की सरकार के जिस मंत्री ने संविधान की रक्षा करने की शपथ ली हो, जनता के बीच संविधान के अनुसार चलने का जनता से वायदा किया हो, विधानसभा में वायदा किया हो...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया समाप्त करें।

श्री धर्मेन्द्र यादव : अध्यक्ष महोदया, यह बहुत ही गम्भीर मसला है। ऐसा कहा जा रहा है किफीरोज़ाबाद जनपद में मंत्री की देखरेख में सुनियोजित ढंग से नकली नोटों का कारोबार चल रहा है। और तो और सब समाचार पत्र लिखते हैं कि सफेदपोशों की देखरेख में चल रहे नकली नोटों के कारोबार करने वालों को बचाने का काम उत्तर प्रदेश की सरकार कर रही है। इसलिये इस मौके पर मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ मसला है, यह राष्ट्रद्रोह का मसला है, ऐसे मामले की सी.बी.आई. द्वारा जांच की जानी चाहिये।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया शान्त रहें। यह रिकॉर्ड में नहीं जायेगा। Shri K. C. Venugopal.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Venugopal will say.

*(Interruptions) â€¦ **

-

-

-

-

-

* Not recorded